**दिनांक 19.01.2022 को श्री शिशिर कुमार सिन्हा, भा०प्र०से०, उपायुक्त, गुमला की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) की प्रबंधकीय समिति एवं न्यास परिषद् की बैठक की कार्यवाही :-**

## उपस्थिति :-

उपस्थिति पंजी में दर्ज है।

## कार्यवाही :-

सर्वप्रथम अध्यक्ष द्वारा न्यास परिषद् एवं प्रबंधकीय समिति की बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने का निर्देश दिया गया। अध्यक्ष के निदेशानुसार उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा अपना परिचय दिया गया।

अध्यक्ष के अनुमति से कार्यालय अधीक्षक, गुमला द्वारा निर्धारित एजेण्डा के आलोक में बैठक की कार्यवाही प्रारंभ करते हुए दिनांक 03.08.2020 को सम्पन्न न्यास परिषद् एवं प्रबंधकीय समिति की बैठक की कार्यवाही के अनुमोदन का प्रस्ताव रखा गया। सभी सदस्यों द्वारा सर्व सम्मति से गत बैठक के कार्यवाही को अनुमोदित किया गया।

माननीय सदस्यों द्वारा आवश्यकता के आलोक में अनुशंसित योजनायें जो बैठक की स्वीकृति के प्रत्याशा में स्वीकृत किया गया है, का स्वीकृति का प्रस्ताव न्यास परिषद् के समक्ष रखा गया तथा घटनोत्तर स्वीकृति का अनुरोध किया गया। माननीय सदस्यों द्वारा स्वीकृत योजनाओं की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृत योजनाओं की विवरणी **परिशिष्ट–'क'** पर संलग्न है।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गुमला द्वारा COVID-19 के आलोक में सदर अस्पताल, गुमला में कार्य एवं सामग्री क्रय का प्रस्ताव बैठक में रखा गया। माननीय सदस्यों के द्वारा समिति के द्वारा असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गुमला से प्राप्त प्रस्ताव पर निम्न रूप से स्वीकृति प्रदान की गई।

1. सदर अस्पताल, गुमला में 63 K.V.A. का जेनरेटर सेट का अधिष्ठापन।
2. सदर अस्पताल, गुमला में मरीजों के लिए शुद्ध जल की व्यवस्था हेतु बड़ा साईज का Aqua Guard 06 अदद् का अधिष्ठापन।
3. ब्लड बैंक, सदर अस्पताल, गुमला के भवन के छत्त के कमरा निर्माण।
4. सदर अस्पताल, गुमला के भवन के बाहरी अन्त भाग तीनों आंगन का रंग–रोगन कराना।
5. सदर अस्पताल, गुमला के लिए 200 K.V. का ट्रांसफरमर का अधिष्ठापन।
6. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, घाघरा एवं रेफरल अस्पताल बसिया में गैस पाईप लाईन की योजना।

जिला शिक्षा पदाधिकारी, गुमला से प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में जिले के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में 1960 बेंच–डेस्क क्रय करने कस्तुरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय, नेताजी सुभाष चन्द बोस आवासीय विद्यालय एवं झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में प्रत्येक विद्यालय के लिए 15-15 अदद् डाइनिंग टेबुल, 10-10 अदद् गोदरेज अलमीरा, 10-10 अदद् भिजिटर चेयर, 05-05 अदद् वाटर प्यूरीफायर, 05-05 अदद् फुटबॉल, बॉलीबॉल, कैरमबोर्ड एवं शतरंज, 02-02 अदद् शॉटपुट गोला, 20-20 अदद् स्कीईग रोप एवं 09 करस्तुरबा गाँधी आवासीय विद्यालय में बेगपाईपर तथा 01-01 अदद् यूनिफार्म की आपूर्त्ति। इसके अतिरिक्त प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय, घाघरा में 06 अतिरिक्त कमरा का निर्माण का प्रस्ताव बैठक में रखा गया। सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव को अनुमोदित करते हुए स्वीकृति प्रदान की गई।

माननीय सदस्यों द्वारा प्रस्तुत योजनाओं के निम्नांकित प्रस्ताव की स्वीकृति प्रदान की गई :–

1. विशुनपुर प्रखण्ड के पंचायत निरासी के बनालात के घाघरा नदी में बेरीटोली गाँव में पुल निर्माण।
2. रायडीह प्रखण्ड के कोण्डरा मुख्य मार्ग से पंडरीपानी सड़क में डूमरढोढा में पुलिया निर्माण।
3. रायडीह प्रखण्ड में सुरसुता से बरडीह पथ में RCC कलभर्ट निर्माण।
4. रायडीह प्रखण्ड के कोण्डरा मुख्य मार्ग से पंडरीपानी सड़क में डूमरढोढा में पुलिया निर्माण।

घाघरा प्रखण्ड के मसरिया में स्थित प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय, मसरिया, घाघरा गुमला के द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में 25 K.W. सोलर प्लांट की स्थापना के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई।

उप विकास आयुक्त, गुमला के द्वारा जिला मुख्यालय में अवस्थित विज्ञान भवन, गुमला के जीर्णोद्धार एवं अपग्रेडेशन का प्रस्ताव रखते हुए सदस्यों को बताया गया कि जिले में पूर्व से विज्ञान भवन संचालित है, परन्तु उक्त भवन की स्थिति अत्यंत ही जर्जर है, तथा विज्ञान से संबंधित सामग्री वर्षों पुराने है तथा आउटडेटेड हो चुके है। जिले के छात्रों को विज्ञान के प्रति रूची बनाने हेतु उक्त विज्ञान भवन का अपग्रेडेशन की नितांत आवश्यकता है। सदस्यों द्वारा उक्त प्रस्ताव पर अपनी स्वीकृति प्रदान करते हुए अनुरोध किया गया कि उक्त कार्य को यथाशीध्र प्रारंभ कराया जाय।

विकास भवन, गुमला के बगल में डीप बोरिंग एवं शौचालय निर्माण का प्रस्ताव उप विकास आयुक्त, गुमला के द्वारा बैठक में रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।

अध्यक्ष द्वारा समिति के सदस्यों को बताया गया कि जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद से महिला एवं बाल विकास के तहत जिले के 491 आंगनाबाड़ी केन्द्रों का सर्वे कराया गया है, जिन आंगनबाड़ी केन्द्रों में मरम्मति की आवश्यकता है। उसका प्राक्कलन प्राप्त कर स्वीकृति की कार्रवाई की जा रही है तथा जहाँ नये आंगनाबाड़ी भवन की आवश्यकता है वहाँ नये सिरे से आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं विद्यालयों में पेयजल एवं शौचालय हेतु प्राक्कलन की मांग की गई है।

श्री रंजीत सिंह, माननीय विधायक गुमला विधान सभा के प्रतिनिधि द्वारा अनुरोध किया गया कि गुमला जिले के सूदुरवर्त्ती प्रखण्डो यथा डुमरी, टुडुरमा में डॉक्टरों की नितांत आवश्यकता है। ग्रामीणों को इलाज के निमित गुमला आने में कठिनाई होती है। उनके द्वारा अनुरोध किया गया कि वैसे स्वास्थ्य केन्द्रों में जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद से डॉक्टरों की नियुक्ति की जाय। अध्यक्ष द्वारा सिविल सर्जन, गुमला को निदेशित किया गया कि वैसे स्वास्थ्य केन्द्रों को चिन्हित करते हुए विशेषज्ञ डॉक्टरों की आवश्यकता भेजी जाय, तथा इसके निमित नियुक्ति हेतु अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित किया जाय।

श्री राम अवध साहु, माननीय सांसद खूँटी लोक सभा क्षेत्र के प्रतिनिधि द्वारा पालकोट प्रखण्ड के बिलिंगबीरा में स्वास्थ्य सुविधा बहाल करने, पालकोट प्रखण्ड के बघिमा उच्च विद्यालय के चाहरदीवारी, राजकीय कन्या उत्क्र0 मध्य विद्यालय के पास गार्डवाल, नाली, डीप बोरिंग एवं शौचालय, नाथपुर पंचायत के ढोलबीर विद्यालय को चाहरदीवारी निर्माण कराने का अनुरोध किया गया।

प्रमुख, विशुनपुर प्रखण्ड के द्वारा खनन प्रभावित क्षेत्रों में पानी की समस्या से अवगत कराते हुए बताया गया कि खनन प्रभावित क्षेत्रों में डीप बोरिंग कामयाब नहीं है इसके कारण उन क्षेत्रों में अवासित नागरिकों को 2-3 किलोमीटर की दूरी से पानी का उठाव कर लाना पड़ता है। उनके द्वारा सुझाव दिया गया कि वैसे क्षेत्रों में लिफ्ट कराकर पानी टंकी के माध्यम से जलापूर्त्ति की व्यवस्था की जाय। अध्यक्ष द्वारा अनुरोध किया गया कि जिन क्षेत्रों में यह समस्या है वहाँ का विस्तृत विवरण उपलब्ध कराया जाय, ताकि तद्नुसार जल स्त्रोत का सर्वे कराते हुए पेयजल की समस्या को दूर किया जा सके। सदस्य द्वारा बताया गया कि निम्नांकित स्थानों पर लिफ्ट कर पानी की समस्या को दूर किया जा सकता है।

जोभीपाठ 01 किलोमीटर की दूरी पर जल स्त्रोत उपलब्ध है।

खैरीपाठ 01 किलोमीटर की दूरी पर जल स्त्रोत उपलब्ध है।

गोरा पहाड़ 01 किलोमीटर की दूरी पर जल स्त्रोत उपलब्ध है।

चौरापाट 01 किलोमीटर की दूरी पर जल स्त्रोत उपलब्ध है।

आवासीय विद्यालय, तेवरपानी में लिफ्ट के माध्यम से पेयजल की व्यवस्था की जा सकती है। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा लौंगा पुल के क्षतिग्रस्त कोयल नदी पर निर्मित पुल के टूटे होने की सूचना देते हुए अनुरोध किया गया कि इसे बनवाने की कृपा की जाय। उप विकास आयुक्त, गुमला द्वारा निदेशित किया गया कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला स्थल का निरीक्षण कर जाँच प्रतिवेदन तीन दिनों के अंदर कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

प्रमुख विशुनपुर के द्वारा प्रखण्ड परिसर में P.C.C. पथ बनाने का अनुरोध किया गया इस पर कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला सूचना दी गई की प्रखण्ड आवासीय भवन के तहत परिसर के विकास की योजना स्वीकृत है। योजना के क्रियान्वयन हेतु एकरारनामा की प्रक्रिया चल रही है। प्रमुख द्वारा विशुनपुर प्रखण्ड में आदिम जनजातियों एवं आदिवासी छात्र–छात्राओं की शिक्षा एवं प्रतियोगिता के लिए पुस्तकालय भवन निर्माण एवं पुस्तकों की व्यवस्था कराने का अनुरोध किया गया। इसके अतिरिक्त चिपरी अखड़ा से रामदेव के घर तक 400' नाली निर्माण, तुसरू कोना नाला में पुलिया निर्माण, होलेंग विद्यालय से वृजियाटोली तक 1000' PCC पथ निर्माण एवं वृजियाटोली में जलमीनार निर्माण का प्रस्ताव दिया गया।

उप प्रमुख, विशुनपुर के द्वारा गुरदरी में स्वास्थ्य उप केन्द्र निर्माण का प्रस्ताव रखा गया। अध्यक्ष द्वारा सिविल सर्जन, गुमला को निदेशित किया गया कि उक्त स्थान पर स्वास्थ्य उप केन्द्र की स्वीकृति से संबंधित सूचना एवं प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाय। इसके अतिरिक्त डीपा गढ़ा कुजाम में पुल निर्माण डुमरपाट में शौचालय निर्माण एवं अमतीपानी में बॉक्साईट खुदाई के पश्चात बने हुए तालाब के सौन्दर्यीकरण का प्रस्ताव दिया गया। उप प्रमुख द्वारा बताया गया कि उक्त तालाब से लिफ्ट करा कर पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जा सकती है। अध्यक्ष द्वारा जिला पंचायती राज पदाधिकारी, गुमला को निदेशित किया गया कि स्थल का निरीक्षण कर प्रतिवेदन एवं प्रस्ताव उपलब्ध करावें।

श्रीमती किरण बाड़ा, अध्यक्ष जिला परिषद्, गुमला के द्वारा सिसई प्रखण्ड़ अन्तर्गत कुम्हार मोड पर बने जलमीनार के खराब होने एवं इसकी मरम्मति कराने का अनुरोध किया गया। उप विकास आयुक्त, गुमला के द्वारा कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला से प्रतिवेदन की मांग करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त द्वारा कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला के बैठक में अनुपस्थित रहने पर उनसे स्पष्टीकरण मांगने का निदेश दिया गया। अध्यक्ष, जिला परिषद्, गुमला द्वारा नवरत्नगढ़ चकाई टोली ग्राम के गुलैची ढ़ोढा में

पुल बनाने ओलमुण्डा में सड़क निर्माण, सोगड़ा में सामुदायिक भवन निर्माण, नगर पंचायत के लम्बकी ग्राम में जलमीनार बनवाने का अनुरोध किया गया। अध्यक्ष द्वारा निदेशित किया गया कि योजनाओं की आवश्यकता के आलोक में सूची उपलब्ध करा दी जाय, ताकि उसकी स्वीकृति के संबंध में निर्णय लिया जा सके।

मुखिया सेरका पंचायत के द्वारा ग्राम चिरोपाट में बिजली नहीं होने की सूचना देते हुए अनुरोध किया गया कि सोलर के माध्यम से विद्युत आपूर्त्ति की व्यवस्था की जाय, इसके अतिरिक्त ग्राम केचकी खुर्द विद्युत आपूर्त्ति, पेरवापाट विद्यालय का मरम्मति कराने का अनुरोध किया गया।

उप प्रमुख, घाघरा के द्वारा पंचायत रूकी के ग्राम जलका पथ में पुलिया एवं गार्डवाल निर्माण। पंचायत बिमरला के रूकी घाट से बरांग तक 400 मीटर PCC पथ निर्माण। पंचायत रूकी पाढ़ा बसाड़ टोली में मिनी जलमीनार का निर्माण प्रथामिकता के आधार पर कराने का अनुरोध किया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा निदेशित किया गया कि योजना का प्राक्कलन प्राप्त कर उपस्थापित किया जाय।

उप प्रमुख, गुरदरी के द्वारा कुजाम माईस के कांटा घर कुजाम भट्टी पाट तक, भट्टी पाट में महेश्वर असुर के घर से लोथे असुर के घर तक PCC, लक्ष्मण असुर के घर से महेश्वर असुर के घर तक नाली, गुरदरी में स्वास्थ्य उपकेन्द्र, सखुवापानी में पांडरी असुर के घर पास डीप बोंरिग, सरना बस्ती में चापाकल निर्माण कराने का अनुरोध किया गया।

श्री अनिल कुमार साहु, श्री समीर उराँव, माननीय सांसद (राज्य सभा) के प्रतिनिधि द्वारा सोगड़ा पंचायत में पानी की समस्या उठाते हुए इसके निदान का अनुरोध किया गया। इनके द्वारा जनहित में सिसई प्रखण्ड के बाकुटोली में सुखराम उराँव के घर से बाकु उराँव के घर तक PCC पथ निर्माण एवं बसिया प्रखण्ड के पंचायत ओकबा के ग्राम केदली सेरी टोली में बंधना उराँव के घर से आयता उराँव के घर तक PCC पथ निर्माण का अनुरोध किया गया। उप विकास आयुक्त, गुमला के द्वारा प्राक्कलन प्राप्त कर उपस्थापित करने का निर्देश दिया गया।

श्री भुनेश्वर प्रसाद साहु, माननीय सांसद लोहरदगा लोक सभा क्षेत्र के प्रतिनिधि द्वारा रायडीह प्रखण्ड के केराडीह में पुल के धसने की शिकायत की गई। उप विकास आयुक्त, गुमला द्वारा कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला को दो दिनों के अंदर जाँच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

इसके अतिरिक्त जनहित में श्री साहु द्वारा सुरसांग पंचायत के करंजकुर से तिलैयडांड वाले रास्ते में बेंगा ढ़ोढा पुलिया निर्माण, लसड़ा बस्ती से विद्यालय भवन तक PCC पथ एवं बैर टोली बस्ती के नजदीक तालाब में गार्डवाल निर्माण।

श्री शिवराम कच्छप, माननीय विधायक विशुनपुर, विधान सभा क्षेत्र के प्रतिनिधि द्वारा घाघरा प्रखण्ड के ग्राम रन्हें में निर्मित जलमीनार का मशीन खराब होने संबंधी शिकायत के आलोक में अध्यक्ष द्वारा निदेशित किया गया कि योजना स्थल की जाँच कर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, घाघरा से प्रतिवेदन प्राप्त करें।

श्री कच्छप द्वारा विशुनपुर प्रखण्ड हरदाग राजकीयकृत विद्यालय के चाहरदीवारी निर्माण का अनुरोध किया गया।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2020-21 का अंकेक्षण प्रतिवेदन समिति के समक्ष उपस्थापित करते हुए अनुमोदन का प्रस्ताव रखा गया। माननीय सदस्यों द्वारा विचार–विमर्श के उपरांत अंकेक्षण प्रतिवेदन को अनुमोदित किया गया।

उप विकास आयुक्त, गुमला के द्वारा डिजिटल हिमोग्लोबीन मीटर का स्ट्रिपस की अनुपलब्धता को देखते हुए जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद से आवश्यकता के आलोक में क्रय करने का प्रस्ताव रखा गया। माननीय सदस्यों द्वारा उक्त प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा सिविल सर्जन, गुमला को निदेशित किया गया कि स्ट्रिपस की आवश्यकता का आकलन करते हुए आवश्यकता उपलब्ध करावें।

उपायुक्त के अनुरोध के आलोक में माननीय सदस्यों द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्राप्त सूची **परिशिष्ट–'ख'** पर संलग्न है।

अध्यक्ष द्वारा बैठक में माननीय सदस्यों से अपने–अपने क्षेत्रों में लोंगो को कोरोना से बचाव के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करने हेतु प्रेरित करने एवं सरकार द्वारा कोविड से बचाव हेतु की जा रही टीकाकरण में अधिक–से–अधिक संख्या में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया गया।

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

| | | |
|---|---|---|
| प्रभारी पदाधिकारी,<br>जिला विकास शाखा,<br>गुमला। | उप विकास आयुक्त–सह–<br>सदस्य सचिव, DMFT,<br>गुमला। | उपायुक्त–सह–<br>अध्यक्ष, DMFT, गुमला।, |